IPC/122/XI

इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

19 नवम्बर 2019

नवम्बर/दिसम्बर 2019 की सेमेस्टर I/III/V की परीक्षा देने वाली छात्राओं के लिए महत्त्वपूर्ण सूचना
(प्रवेश-पत्र के साथ वितरण हेतु संलग्न)

कृपया निम्न निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करें :

1. परीक्षा केंद्र और कक्ष में प्रवेश हेतु हर बार प्रवेश-पत्र और पहचान-पत्र अपने साथ रखें।
2. परीक्षा की तिथि के दिन कोई प्रवेश-पत्र जारी नहीं किया जाएगा।
3. छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा कक्ष में पानी की बोतलें लाने की अनुमति है।
4. परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन और स्मार्ट वॉच लाना निषेध है। किसी भी प्रकार की हानि के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा और इस मामले में किसी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. परीक्षा के समय अपने पास मूल्यवान वस्तुएँ और अधिक धनराशि न रखें। किसी भी प्रकार की हानि के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
6. बैग या उसमें रखी हुई वस्तुओं की हानि के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। छात्राओं को सलाह दी जाती है कि अपने बैग को अकेले नहीं अपितु अन्य बैगों के साथ रखें ।
7. छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी मूल्यवान वस्तुएँ और बैग, प्रसाधन कक्ष में बिना किसी देखरेख के न छोड़ें।
8. **किसी संक्रामक रोग से ग्रसित छात्राएँ परीक्षा के आरंभ होने से पहले इसकी सूचना दें।**
9. परीक्षा कक्ष में प्रवेश का समय : पूर्वाह्न 09.15 /अपराह्न 2.15 बजे (निरीक्षक के कक्ष में प्रवेश के पश्चात्)। परीक्षा आरंभ होने के तीस मिनट के पश्चात्, परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
10. प्रवेश-पत्र के खो जाने की स्थिति में, प्रवेश-पत्र की अनुलिपि प्राप्त करने के लिए छात्रा द्वारा कार्यालय में आवेदन-पत्र के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

टिप्पणी : **1. बी.ए. (ऑनर्स)/बी.एससी. (ऑनर्स)/बी.कॉम. (ऑनर्स) के सेमेस्टर V और बी.ए. (प्रोग्राम) की सभी छात्राएँ DSE-1 और DSE-2 पेपरों के लिए अपने प्रवेश-पत्र का अनुसरण करें।**

3. परीक्षा की आवृत्ति करने वाली छात्राएँ वर्णमाला पर आधारित पेपर के नाम के आधार पर विषय संबंधित पेपर में उपस्थित होंगी।

प्राचार्या

प्रति : 1. छात्राओं का नोटिस बोर्ड
2. महाविद्यालय की वेबसाइट